ओ.पी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पुंजीपथरा के कौशल प्रशिक्षणों से युवा हो रहें रोजगारोन्मुख

» संस्थान से प्रषिक्षित भवानी मांझी की हैदराबाद के मेरीगोल्ड हॉटल में पदस्थापना

रायगढ़@किरणदूत

जेएसपीएल फाउण्डेशन के बैनर तले संचालितओ.पी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज, पुंजीपथरा जिले का उत्कृष्ट कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान है, जहॉ बेरोजगार युवाओं को रोजगार हेतु विभिन्न ट्रेड जैसे इलेक्ट्रीशियन, मेसन, पलम्बर, फिटर, वायर वेंडर, कारपेंटर में कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार मुहैया कराने में सहयोग



प्रदान करता है। संस्थान से अनेक बेरोजगार युवाओं ने इन रोजगार मुलक कौशल आधारित प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न संस्थानों में कार्यरत हो खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्धता के लिए किये गये योगदान के लिए संस्थान को कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए सुश्रीभवानी मांझी कहते हुए नही थकती कि मैं आपको खुद से वाकिफ कराना चाहती हूँ। मेरे पिताजी पेशे से एक किसान है और घर में कमाने वालों में से एक मात्र व्यक्ति वहीं रहें हैं। मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मैं स्वयं अपने घर-परिवार का सहारा बनना चाहती थी, लेकिन कम पढ़े-लिखे होने के कारण व कोई कुशलता न होने के कारण मुझे नौकरी मिलने में परेशानी हो रही थी।